सेवा में,

माननीय प्रभारी जनपद न्यायाधीश,

कन्नौज।

महोदय,

विनम्र निवेदन है कि नवीन न्यायालय परिसर, कन्नौज में वित्तीय वर्ष 2024-2025 हेतु संचालित निम्न ठेकों को उठाये जाने हेतु माननीय प्रभारी ज़नपद न्यायाधीश महोदय के आदेश के अनुपालन में दिनांक 29.03.2024 को मेरी अध्यक्षता में कार्यवाही की गयी। जिसमें नीलामी समिति के सदस्य श्री नन्द कुमार विशेष न्यायाधीश एस०सी/एस०टी एक्ट/ प्रभारी अधिकारी नजारत कन्नौज, उपस्थित रहे व श्रीमती रंजना सिविल जज जू०डि० उपस्थित रहीं । निम्न ठेकों को उठाये जाने के संबंध में कार्यवाही की गयी।

01- ठेका खान-पान(कैन्टीन)

02- ठेका फल और जूस

03- ठेका कृषि योग्य भूमि (10.67 बीघा (02.13 एकड़)।

1. **ठेका खान-पान(कैन्टीन)** - खान-पान कैण्टीन का ठेका वित्तीय वर्ष 2024-2025 में ठेके को उठाये जाने हेतु सरकारी बोली दस प्रतिशत की बढोत्तरी के साथ मु०- 7,70,000/- रुपये निर्धारित की गयी। ठेका कैण्टीन हेतु 02 आवेदन प्राप्त हुये थे। आवेदकों द्वारा प्रथम बोली, बोली गयी। जिसमें श्रीपति सिंह द्वारा 7,75,000/- रुपये , श्री पवन कुमार द्वारा 7,80,000/- रुपये आवेदकों द्वारा अंतिम व अधिकतम बोली श्रीपति सिंह द्वारा मु०- 7,85,000/- रुपये बोली लगायी गयी। श्रीपति सिंह द्वारा मु०-50,000/- रुपये कैशियर के पास जमानत के रुप में जमा किये गये है।

3 . **ठेका फल और जूस –** ठेका फल और जूस का वित्तीय वर्ष 2024-2025 में सरकारी बोली दस प्रतिशत की बढोत्तरी के साथ 1,60,600/- रुपये निर्धारित की गयी। ठेका फल और जूस हेतु मात्र 02 आवेदन प्राप्त हुआ था। । आवेदक द्वारा प्रथम बोली, बोली गयी जिसमें श्री पवन कुमार द्वारा मु०- 1,61,000/- रुपये बोली, श्री पंकज राठौर द्वारा मु०-1,65,000/- रुपये व द्वितीय बोली श्री पंकज राठौर द्वारा मु०-1,66,000/- रुपये, श्री पंकज राठौर द्वारा मु०- 1,70,000/-रुपये बोली लगायी गयी जिसके बाद श्री पंकज राठौर द्वारा व श्री पवन कुमार द्वारा 12 बोली लगायी गयी, जिसमें अंतिम व अधिकतम बोली श्री पवन कुमार द्वारा मु०-2,01,000/- रुपये बोली गयी। श्री पवन कुमार द्वारा 20,000/- रुपये कैशियर के पास जमानत के रूप में जमा किये गये हैं।

2. **कृषि योग्य भूमि (10.67 बीघा (02.13 एकड़)-** ठेका कृषि योग्य भूमि वित्तीय वर्ष 2024-2025 में ठेके को उठाये जाने हेतु सरकारी बोली दस प्रतिशत की बढोत्तरी के साथ 44,000/- रुपये निर्धारित की गयी है। नीलामी समिति द्वारा ठेका उठाये जाने हेतु कार्यवारी की गयी, परन्तु कोई बोली दाता उपस्थित नहीं आया। जिस कारण ठेका नहीं उठाया जा सका।

इसके अतिरिक्त निम्न ठेका उठाये जाना शेष है-

01- कृषि योग्य भूमि (10.67 बीघा (02.13 एकड़)

अतः श्रीमान जी से अनुरोध है कि समिति की वर्णित आख्या **क्रमांक 1 ठेका खान-पान(कैन्टीन) , क्रमांक 2 ठेका फल और जूस ,** के ठेके की अंतिम बोली दाताओं के पक्ष में वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए अनुमोदन हेतु माननीय प्रभारी जनपद न्यायाधीश की सेवा में सादर प्रेषित है एवं शेष ठेकों को उठाये जाने के संबंध में उचित आदेश पारित करने की कृपा करें।

Ranjana	(हस्ताक्षर)	(हस्ताक्षर) 29/03/2024
श्रीमती रंजना	**श्री नन्द कुमार**	**लोकेश वरूण**
सिविल जज (जू० डि०)	**विशेष न्यायाधीश एस०सी/एस०टी एक्ट**	**अपर जिला जज कक्ष सं०-1**
सदस्य नीलामी समिति	**सदस्य नीलामी समिति**	**अध्यक्ष नीलामी समिति**
कन्नौज।	**कन्नौज।**	**कन्नौज।**

आदेश

क्रमांक 1 ठेका खान-पान(कैन्टीन) , क्रमांक 2 ठेका फल और जूस , उपरोक्त बोली दाताओं के पक्ष में अनुमोदित किये जाते हैं। शेष ठेकों हेतु पुनः विस्तृत सूचना प्रसारण के उपरांत ठेका निलामी हेतु प्रयास किया जाए। नीलामी समिति, नीलामी प्रक्रिया , पूर्ण कर अपनी आख्या 08/04/24 तक प्रस्तुत करें।